# दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में मददगार होगा बजट

प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि केंद्रीय बजट यूपी की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में सहायक होगा। दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने में भी बजट यूपी की मदद करेगा। बजट से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए यूपी में निवेश करने वाले निवेशकों को भी फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार 2.0 का दूसरा बजट युवाओं, किसानों, एमएसएमई और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को समर्पित होगा। खन्ना ने अमर उजाला से बातचीत में केंद्र सरकार के बजट व यूपी के आगामी बजट से जुड़े सवालों के जवाब दिए। पेश है बातचीत के मुख्य अंश...

## प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से केंद्रीय बजट पर विशेष बातचीत

**यूपी के नजरिए से केंद्रीय बजट को आप किस रूप में देखते हैं?**

डबल इंजन की सरकार का फायदा यूपी को बीते छह वर्ष से मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले भी यूपी को प्राथमिकता में रखा था अब भी यूपी प्राथमिकता में है। केंद्रीय योजनाओं का लाभ प्रदेश को मिलेगा। नए एयरपोर्ट, रेलवे, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से यूपी की युवा शक्ति भी लाभान्वित होगी।

**बजट से प्रदेश को कितनी सहायता मिलने की उम्मीद है?**

चालू वित्तीय वर्ष में केंद्रीय करों में यूपी के राज्यांश के तौर पर 1,46,498.76 करोड़ रुपये का लक्ष्य था। इसकी तुलना में पुनरीक्षित आंकड़े बताते हैं कि यूपी को 1,69,745.30 करोड़ रुपये मिलेंगे जो लक्ष्य से 23,346.54 करोड़ ज्यादा है।



आगामी वित्त वर्ष में यह 183237.59 करोड़ मिलने का अनुमान है। अब तक पूंजी निवेश के लिए राज्यों को मिलने वाली विशेष सहायता को सरकार ने एक लाख करोड़ से बढ़ाकर 1.30 लाख करोड़ किया है। इसमें यूपी को वर्तमान वित्तीय वर्ष में 14,391 करोड़ मिलना था। अब तक 7694 करोड़ रुपये मिल चुके हैं।

**प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दस खरब डॉलर बनाने में यह बजट कितना कारगर होगा?**

केंद्र सरकार ने ओडीओपी के लिए मॉल बनाने की बात की है। इससे यूपी के एमएसएमई को नया बाजार मिलेगा। नए उद्योग व ढांचागत विकास से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी तो राजस्व भी बढ़ेगा। केंद्र से मिलने वाली सहायता भी बढ़ रही तो इससे दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य आसान होगा। सरकार ने आयकर छूट की सीमा को पांच से बढ़ाकर सात लाख किया है। जब लोगों की खरीदने की क्षमता बढ़ेगी तो बाजार में मांग बढ़ेगी, इससे नए उद्योग स्थापित होंगे और रोजगार सृजन होगा। इसका पूरा चक्र अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा।

**यूपी के बजट में किस पर फोकस रहेगा?**

योगी सरकार के बजट में एमएसएमई, युवा, किसान, और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर फोकस होगा। इसके लिए बजट में नई घोषणा की जाएगी।

**ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद आ रहे उद्यमियों को बजट से क्या फायदा होगा?**

इन्वेस्टर्स समिट में होने वाले निवेश से सबसे ज्यादा एमएसएमई इकाइयां स्थापित होंगी। सरकार ने एमएसएमई के लिए बजट में ऋण पर ब्याज कम करने, फार्मा, नवीनीकृत ऊर्जा सहित अन्य नए क्षेत्रों में रियायत की घोषणा की है। निवेशकों को भी बजट घोषणाओं से लाभ होगा। एसएमएमई को ऋण के लिए 9 हजार करोड़ का ऋण प्रावधान किया है।

**विपक्ष बजट को आधारहीन और जनता के साथ धोखा बता रहा है। क्या कहेंगे आप?**

मेरा दावा है कि यूपी में विपक्षी दलों के नेताओं ने बजट को बिना पढ़े और समझे अपनी प्रतिक्रिया दी है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने सुबह 11 बजे सदन में बजट पेश करना शुरू किया, विपक्षी दलों की प्रतिक्रिया सुबह 10 बजे ही बन गई थी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भी बजट की समझ नहीं है।